आईटीआई लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)

प्रेस विज्ञप्ति **06.04.2020**

बेंगलूरु

<u>आईटीआई लिमिटेड ने कोविद-19 से लड़ने के लिए प्रधानमंत्री-देखभाल निधी में 64 लाख रुपये का योगदान दिया</u>

भारत में कोरोनावायरस (कोविद-19) महामारी से लड़ने एवं नेक काम में समर्थन करने हेतु, आईटीआई लिमिटेड ने प्रधानमंत्री नागरिक सहायता और आपातकालीन स्थिति निधि (पीएम-केयर्स फंड) में राहत के लिए 64 लाख रुपये का योगदान दिया ।

इसके अलावा, कंपनी ने आईटीआई लिमिटेड के सभी कर्मचारियों से एक दिन के वेतन योगदान के रूप में लगभग 45 लाख रुपये योगदान देने का भी प्रस्ताव किया है ।

इसके अतिरिक्त, आईटीआई लिमिटेड ने कोरोनावायरस(कोविद) के खिलाफ देश की लड़ाई में समर्थन करने हेतु कई सीएसआर पहल की शुरुआत की है। कंपनी ने अपने पड़ोस के अंबेडकर नगर कॉलोनी, बेंगलूरु में 1000 परिवारों को गोद लिया और क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को राशन के रुप में 3000 किट वितरित किए जा रहे हैं । प्रत्येक किट में चावल, आटा, दाल, नमक, चीनी और दो डेटॉल साबुन शामिल हैं । 10 से 12 दिनों के अंतराल में किटों के वितरण का काम पूरा कर लिया जाएगा ।

आईटीआई लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री राकेश मोहन अग्रवाल ने कहा कि “कोरोनावायरस(कोविद-19) के खिलाफ देश के समर्थन के लिए प्रधानमंत्री के आह्वान के अनुसार, इस कठिन परिस्थिति में आईटीआई राष्ट्र के साथ खड़ा है । इस संकट के दौरान समाज की भलाई के प्रति अपने कर्मचारियों की प्रतिबद्धता को देखकर मैं पूरी तरह विनयशील हूं ।